दिनांक : 18.09.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- डाक विभाग और बी एस एन एल ने देश भर में मोबाइल कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बड़वारा में करेंगे 233 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण।
- प्रदेश के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान और त्वरित दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने आयोजित होंगे स्क्रीनिंग शिविर।
- प्रदेश में बारिश का दौर जारी। मौसम विभाग ने आज कुछ जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

बीएसएनएल-समझौता ज्ञापन

डाक विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड-बी एस एन एल ने देश भर में मोबाइल कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए कल नई दिल्ली में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य डिजिटल जागरूकता को बढावा देना, ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल सेवाओं का विस्तांर करना और डिजिटल इंडिया की भावना को बल देना है। इससे देश के सुदूर इलाकों में दूरसंचार सेवाएं अधिक सुलभ तथा किफायती बनेंगी। इसके अंतर्गत, देश में एक लाख 65 हज़ार से अधिक डाकघरों में बी एस एन एल सिम कार्डों की बिक्री की जायेगी। डाक विभाग बीएसएनएल नेटवर्क के लिए एक महत्वपूर्ण चैनल के रूप में काम करेगा, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इसकी उपस्थिति बढ़ेगी।

भूमिपूजन एवं लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड मुख्यालय में बड़वारा और विकासखंड रीठी में नवनिर्मित सांदीपनि स्कूल भवनों के लोकार्पण सहित 233 करोड़ 82 लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। डॉ. यादव यहां 106 करोड़ 18 लाख रूपये के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण और 127 करोड़ 64 लाख रूपये के 14 विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी करेंगे। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा ‘स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा’ के विभिन्न घटकों को प्रदर्शित करने वाले क्रियाकलापों को प्रदर्शित किया जाएगा।

शिवराज-वर्चुअल कार्यक्रम

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल नई दिल्ली में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल मध्य प्रदेश के धार जिले में इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि दुनिया में भारत का वैश्विक कद बढ़ा है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है। कृषि मंत्री ने कहा कि महिलाएं अक्सर दूसरों की परवाह करती हैं लेकिन खुद की उपेक्षा करती हैं, यही वजह है कि सरकार ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान शुरू किया है।

प्रदर्शनी शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मप्र में कॉटन इंडस्ट्री के सुनहरे दिन लौटा रहे हैं। इस मौके पर गोरखपुर से भाजपा सांसद और अभिनेता रवि किशन भी मौजूद थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सेवा पखवाड़ा का ब्यौरा दिया।

जीएसटी सुधार - कपड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से वस्तु और सेवा कर- जीएसटी में सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करते हुए तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की थी। आज हम कपड़ा क्षेत्र पर एक नज़र डाल रहे हैं।

स्क्रीनिंग शिविर

प्रदेश के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान और त्वरित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। यह शिविर 15 सितंबर से 14 नवंबर  तक आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सोनाली वायंगणकर ने बताया कि मध्यप्रदेश में हाई कोर्ट के निर्देश पर गठित जुनाईविल जस्टिस कमेटी की अनुशंसा पर 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान के लिए शिविर आयोजित किये जा रहे है। शिविरों में जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सूक्ष्म परीक्षण कर प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे। नव चिन्हित दिव्यांग बच्चों को 30 नवंबर तक यूडीआईडी नंबर जारी करने तथा शासन की पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

सेवा पखवाड़ा-प्रदेश

प्रदेश के 413 नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कल से शुरू किया गया है। पहले दिन नगरीय निकायों में उन स्थलों का चयन कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया, जहां नागरिकों की आवाजाही ज्यादा होती है। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान नगरीय निकायों को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, क्लीन ग्रीन उत्सव, स्वच्छता में भागीदारी बढ़ाये जाने, शहरी क्षेत्र के महिला स्व-सहायता समूह के साथ वर्षा और जल-संरचनाओं की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिये कहा गया है।

मौसम

पिछले 24 घंटो के दौरान, प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में अनेक स्थानों पर बारिश दर्ज़ की गई है। राजधानी भोपाल में कल तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज बुरहानपुर, खरगौन, बड़वानी जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, उज्जैन,, ग्वालियर, रीवा, शहडोल, जबलपुर, सागर सभागों के जिलों में बारिश होने या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है।

एशिया कप क्रिकेट

क्रिकेट में, पाकिस्तान ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एशिया टी20 कप के ग्रुप ए मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 41 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, पाकिस्तान ने फखर जमान के अर्धशतक की मदद से 20 ओवरों में 9 विकेट पर 146 रन बनाए। संयुक्त अरब अमीरात के लिए जुनैद सिद्दीकी ने चार विकेट लिए। 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, मेज़बान टीम 17 ओवर 4 गेंद में 105 रन पर आउट हो गई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा आज को पन्ना में तीन दिवसीय संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे।
- राजा शंकरशाह-कुंवर रघुनाथ शाह बलिदान दिवस पर आज मंडला में अमर शहीदों को सलामी दी जाएगी।
- आगरमालवा में कल जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर प्रीति यादव ने कहा कि आगामी त्योहारों के दौरान जिले में शांति एवं सौहार्द्र बना रहे, सभी एक-दूसरे धर्म का सम्मान करते हुए भाईचारे से त्यौहार मनाएं।
- सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने खंडवा में कलेक्ट्रेट परिसर से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वच्छता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर नीमच जिले की जावद विधानसभा में विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने 141 शासकीय स्कूलों के लगभग 14 हज़ार विद्यार्थियों को सेवा कार्यों के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया।
- राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास साइबर भारत सेतु ब्रिजिंग स्टेट्स, सिक्योरिंग भारत पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ आज भोपाल में सुबह 10 बजे होगा।
- कूनो राष्ट्रीय उद्यान की लगभग 7.5 वर्ष की मादा चीता 'धीरा' को कल गांधी सागर अभयारण्य में छोड़ा गया। कूनो राष्ट्रीय उद्यान से पूर्व में भी 2 नर चीतों का पुनर्वास गांधी सागर अभयारण्य में किया गया था।

-------

________